# आवेदन के बाद यूनिट स्थापना की समयसीमा होगी तय : केशव

## उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण कार्यशाला को किया संबोधित

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिट के लिए आवेदन के बाद उसकी स्थापना की समयसीमा तय की जाएगी। इस बीच उद्यमियों को आने वाली परेशानी भी दूर की जाएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को चेक और लेटर ऑफ कम्फर्ट भी वितरित किए।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किए। -संवाद

केशव प्रसाद ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग का डिजिटल प्लेटफार्म बनना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में यूपी कई देशों को पीछे छोड़ने की ताकत रखता है। इस सेक्टर से करोड़ों युवाओं को रोजगार और किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाने की क्षमता है।

कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उद्यमी अपने उत्पादों को विकसित देशों और प्रदेशों में बेचने का प्रयास करें इससे उनकी ब्रांडिंग होगी और आय भी अधिक होगी। ब्यूरो

## बैंक नहीं करते मदद

उद्यमियों ने कहा कि बैंकों के सहयोग नहीं करने से यूनिट स्थापना में अधिक समय लग रहा है। सब्सिडी भी समय पर नहीं मिलती। हाथरस के उद्यमी नितिन अग्रवाल व लखीमपुर के मुरलीधर वर्मा ने विभागों की खींचतान की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर केशव ने अक्तूबर में बैंकर्स के साथ बैठक के साथ उद्यमियों को समस्याओं के समाधान के लिए हर मंगलवार को अपने कैंप कायालर्य में आमंत्रित किया है।